## शामा विद्यालय भीलखेड़ा में हुआ वृहद पौधारोपण



**बड़वानी।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय भीलखेड़ा के परिसर में सोमवार को पौधोरापण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को बताया कि पेड़-पौधे हमें ऑक्सीजन देते हैं, जो हमारे लिए जीवनदायिनी है। आप सभी बच्चे एक-एक पौधे को अपना साथी बनाकर प्रतिदिन पानी दे और उसे बड़ा करने की जिम्मेदारी ले। पुलिस थाना प्रभारी से श्री कुशवाह ने अधिक से अधिक पौधारोपण कर इन्हें नियमित रूप से पानी देने की बात बच्चों से कही। शासकीय माध्यमिक विद्यालय भीलखेड़ा के प्रधान पाठक नंदेश सोलंकी, अनारसिंह अवास्या, मनीष जोशी, अनीता चोयल, बंसीलाल कनोजे, मेलसिंह नरगावे, श्रीमती प्रियंका भदोरिया और बच्चें उपस्थित थे।

## भाजपा की जिला कार्यशाला होगी आज

**बड़वानी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यशाला 5 अगस्त को जिला भाजपा कार्यालय में होगी। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन दोपहर 12 बजे जिलाध्यक्ष अजय यादव की अध्यक्षता में किया जाएगा, जिसमें जिले के संगठन प्रभारी नंदकिशोर पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा, तिरंगा यात्रा, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती सहित आदि अनेक विषयों को लेकर आयोजित की जाएगी। जिसमें जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि तथा आपेक्षित श्रेणी के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## जिला अस्पताल में 11 अगस्त को लगेगा नि :शुल्क नेत्र शिविर, नेत्र मरीजों का होगा चयन

**बड़वानी।** जिला अस्पताल में चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से 11 अगस्त 2025 को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ विमलेश चोयल ने बताया कि डॉ सुरेखा जमरे और डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में शिविर आयोजित किया जाएगा। वहीं डीडीपीएम अनिल राठौड़ ने कहा कि चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के डॉक्टर्स नेत्र मरीजों की जांच करेंगी। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए इंदौर भेजा जाएगा। मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। दीपक सोनी ने बताया कि नेत्र मरीजों और उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा नि:शुल्क भोजन कराया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9.30 से 1 बजे तक ही रहेगा। अस्पताल द्वारा लैंस, चश्में, दवाइयां आदि नि:शुल्क दिए जाएंगे। अनिल जोशी, दिपेश पाण्डेय, जिग्नेश पटेल, हेमंत अग्रवाल, प्रमेश यादव, जया शर्मा ने अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं आदेश पर आज होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

इंदौर. शहर में हेलमेट न पहनने वालों को पेट्रोल देने पर रोक लगाने के कलेक्टर के आदेश को लेकर आज हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में अहम सुनवाई होगी. हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट रितेश ईनानी ने इसके खिलाफ जनहित याचिका दायर की है. इसी मामले में संस्था न्यायाश्रय की ओर से डॉ. पंकज वाधवानी ने इंटरविनर याचिका लगाई है. याचिकाओं में मोटर व्हीकल एक्ट और आवश्यक वस्तु अधिनियम का हवाला देते हुए तर्क दिया गया है कि इस तरह का आदेश कानूनी रूप से जारी नहीं किया जा सकता. कोर्ट से मांग की गई है कि आदेश के क्रियान्वयन पर तत्काल रोक लगाई जाए. यह मामला जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस बिनोद कुमार द्विवेदी की डिवीजन बेंच के समक्ष 45वें नंबर पर सूचीबद्ध है.

## दो नए जज आज से इंदौर बेंच में करेंगे काम

इंदौर. इंदौर हाईकोर्ट बेंच को दो नए जज मिले हैं. जस्टिस जय कुमार पिल्लै और जस्टिस आलोक अवस्थी आज से यहां मामलों की सुनवाई शुरू करेंगे. नवीन रोस्टर के अनुसार इनके लिए कक्ष आवंटित कर दिए गए हैं.

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

इंदौर. बाणगंगा क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक चलाए गए वाहन ने एक युवक की जान ले ली. हादसा रात करीब 10 :30 बजे नंदबाग पानी की टंकी के सामने, सुपर कॉरिडोर पर हुआ. 37 वर्षीय मृतक बालकटर निवासी कुशवाह नगर, अपने काम से जा रहा था, तभी वाहन नम्बर यूपी 93 सीटी के चालक ने तेज गति से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी. गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मामले में बाणगंगा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## पानी के टैंकर की टक्कर से युवक की मौत

इंदौर. निपानिया पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार पानी के टैंकर ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. हादसा शाम करीब 7 :30 बजे हुआ, पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज जांच शुरु की. मृतक प्रतीक कापड़े उम्र 49 निवासी तुलसी नगर अपने काम से जा रहा था, तभी ट्रक पानी का टैंकर नम्बर एमपी 09 एचजी 9400 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी. गंभीर चोट लगने से प्रतीक की मौके पर ही मौत हो गई. मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## बाल भक्तों की भावनाओं से सराबोर कावड़ यात्रा

देपालपुर. नगर में भोलेनाथ के नन्हे भक्तों ने श्रद्धा और उमंग से भरी कावड़ यात्रा निकाली, जिसने नगरवासियों का दिल जीत लिया. मंगलेश्वर महादेव मंदिर से जल लेकर प्रारंभ हुई यह यात्रा विजय स्तंभ चौक, चमन चौराहा, बेटमा रोड होते हुए चंद्रमोलेश्वर मंदिर तक पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण कर यात्रा का समापन हुआ. यात्रा महांकाल सेना के तत्वाधान में आयोजित की गई थी. नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर स्थानीय नागरिकों ने फूल बरसाकर बाल कावड़ियों का जोरदार स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया. इस आध्यात्मिक आयोजन में भाग लेने वाले नन्हे कावड़ियों में मयंक मारू, यथार्थ यादव, वेदांश राठौर, अर्पित सोनी, ईशू पंडित, यथार्थ तिवारी, काव्यंश कराडिया, तनय जैन, दिव्य जैन, निशिकेत यादव सहित अन्य बच्चों ने भाग लिया.

## महू विद्वत परिषद की बैठक हुई सम्पन्न

महू. महू विद्वत परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा (मेण वाले) एवं महू विद्वत परिषद के अध्यक्ष पं.कपिल शर्मा (काशी महाराज) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में रक्षा बंधन से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक के उत्सव की एक तिथि एक उत्सव सर्व सम्मति से निर्धारित किये गए. उक्त तिथियों का निर्धारण समस्त पंचागों और शास्त्र सम्मत, वेदोक्त किया गया जिसमें सभी विद्वान आचार्यों ने एक तिथि निर्धारित की. भविष्य में किसी भी प्रकार के असमंजस न हो उसके लिए सभी मंदिरों पर उक्त तिथियों को प्रदर्शित किया जाने का निर्णय लिया गया. बैठक में महू विद्वत परिषद के मार्गदर्शक, संयोजक पं. राजेश शास्त्री, सचिव राजेश शर्मा, अंकित शर्मा, समाजसेवी एवं ब्रह्म समाज के वरिष्ठ शैलेन्द्र शुक्ला एवं समस्त परिषद के पदाधिकारीगण एवं विद्वान उपस्थित रहे. इस अवसर पर राम चरित मानस को जन-जन तक मूल भावना को पहुँचाने के लिए अंकित शर्मा का माला शाल श्रीफल से सम्मान किया गया. सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. दिनेश शर्मा, महू विद्वत परिषद अध्यक्ष पं. कपिल शर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र शुक्ला ने सभी की सहमति से नितेश महेंद्र कुमार शर्मा को सोशल मीडिया प्रमुख नियुक्त किया. नितेश शर्मा का कार्यकाल 2 वर्ष का होगा.

# उल्लास से मनाया कानबाई पर्व

**ढोल-ताशों के साथ निकली कानबाई माता की भव्य शोभायात्रा, नम आंखों से माता को दी विदाई**





**सेंधवा, (नवभारत)।** शहर और आसपास के ग्रामीण अंचलों में महाराष्ट्रीयन समाज ने पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ कानबाई माता का पर्व मनाया। शोभायात्रा, भजन-कीर्तन, जागरण व विसर्जन कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी रही। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को महाराष्ट्रीयन समाज ने पारंपरिक आस्था के साथ कानबाई माता का विसर्जन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर ढोल-ताशों व बैंड-बाजों के साथ कानबाई माता की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूरे नगर में भक्तों का उत्साह देखने लायक था।

रविवार को माता की विधिवत स्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और जागरण के आयोजन हुए। सोमवार को विसर्जन से पूर्व कई कॉलोनियों, तलावड़ी, राम कटोरा, निंबार्क कॉलोनी, दिनेशगंज, मोतीबाग सहित अन्य मोहल्लों में भक्तिभाव और उत्सव का वातावरण बना रहा।

सोमवार को कानबाई माता की शोभायात्रा के दौरान भक्त श्रद्धा में झूमते-नाचते नजर आए। नगर में जगह-जगह स्टॉल लगाए गए थे, जहां स्वागत व प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई। विसर्जन स्थल छोटा घट्या-पट्या पर नगरपालिका सेंधवा द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी।

नगरपालिका ने यह सुनिश्चित किया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा एवं यातायात की व्यवस्थाएं संभाली। विसर्जन स्थल पर भीड़ नियंत्रण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। शोभायात्रा में पूर्व नपा उपाध्यक्ष छोटू चौधरी ने माता के रथ को शिरोधार्य कर विदाई दी। आयोजन में महाराष्ट्रीयन समाज के प्रमुख सदस्यों अनिल वाघ, भीका मांडे, सुनील पाटिल, राजेश निकुम, मनोहर निकुम, दगडू कदम, राजेश यादव सहित समाजजन मौजूद रहे।

**श्रद्धालुओं की रही भागीदारी**

- कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी रही।
- ढोल-बाजों के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा।

## कानबाई माता को नम आंखों से दी विदाई

**निवाली, (नवभारत)।** नम आंखों से कानबाई माता को दी गई विदाई। नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कानबाई माता की स्थापना रविवार को की गई और सोमवार को माता का विसर्जन किया।

महाराष्ट्रीयन समाज के नगर अध्यक्ष गणेश शितोले ने बताया कि कानबाई माता की रविवार को अपने घर पर स्थापना की गई व सोमवार को विदाई कर विसर्जन किया। अधिक जगहों पर कानबाई माता की स्थापना हुई, जिसमें दगडू महाले, संतोष शितोले, मनहोर निकुम, कृष्णा मोरे, गुलाब टेलर के यहां माता की स्थापना की गई।

नगर में माता का चल समारोह निकाला एवं महाराष्ट्रीयन समाज के लोग अपने पहनावे में निकले, जो आकर्षण का केंद्र रहा। वहीं पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद सहित सभी का विशेष सहयोग रहा। इस वर्ष माता विसर्जन में अधिक संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए।



## मप्र आदिवासी वित्त विकास निगम की अध्यक्ष से की भेंट

**पानसेमल, (नवभारत)।** मध्यप्रदेश आदिवासी वित्त विकास निगम की अध्यक्ष निर्मला सुनिल बारेला से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री एवं जपं पानसेमल के अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे ने सेंधवा में सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने कुलदेवी मोगी माँ का पुजन चित्र उन्हें भेंट किया।

जनपद पंचायत पानसेमल क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं एवं समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक विनोद वसावे ने आदिवासी समाजहित में हो रहे कार्यों की जानकारी दी और निगम अध्यक्ष से आवश्यक सहयोग का आग्रह किया। इस दौरान सुनिल बारेला, भाजपा अजजा मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष किशन पटेल, मंडल अध्यक्ष मालोजी किराड़े, राकेश पवार, महामंत्री सुरेश चौहान, पूर्व महामंत्री शंकर शिंदे, हिम्मत पवार व अन्य उपस्थित रहे।



**एक नजर में** — श्रावण माह के अंतिम सोमवार शिवालयों में सम्पन्न धार्मिक अनुष्ठान, पुजन-अर्चन और वितरित की प्रसादी

## पूजन के लिए शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु






**नवभारत न्यूज़ बड़वानी 05 अगस्त.** श्रवण के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को शहर स्थित समस्त शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का सैलाब उमड़ा। वहीं दिनभर धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए तथा विशेष आरती पूजन किया गया। शिव भक्तों और कावड़ यात्रियों की टोलियां सुबह से ही नर्मदा से जल भरकर अपने स्थान पहुंची। वहीं मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनियों से आकर्षक सजाया गया था। शाम को शिव मंदिरों के आसपास श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी और शरबत का वितरण किया गया। भक्तों को खिचड़ी, मिठाई एवं नमकीन छाछ का वितरण श्रद्धालुओं ने किया।

शहर की रमकुल्लेश्वर कॉलोनी में विश्वेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को भगवान का भव्य श्रृंगार किया गया। वहीं सिद्धेश्वर महादेव रानीपुर स्थित सिद्धेश्वर मंदिर, राजघाट रोड़ राम कुंडेश्वर मंदिर कुसुंबेश्वर महादेव मंदिर आदि शिव मंदिरों में फलिहारी खिचड़ी का वितरण किया।

### कावड़ यात्रा का किया स्वागत

वनवासी कल्याण परिषद द्वारा विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। स्वागत जागृत हिंदू मंच ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य किया। पूर्ण रूप से वनवासी समाज द्वारा संचालित कावड़ यात्रा में 1000 से अधिक शिव भक्त अनुशासित रूप से शामिल हुए।

**यह रहे उपस्थित**

स्वागत एवं अभिनंदन के दौरान जागृत हिंदू मंच जागृत हिंदू मंत्र के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कॉम्बिंग गश्त में 533 बदमाशों पर कार्रवाई

- शनिवार पूरी रात शहर के हर क्षेत्र में दिखाई दी पुलिस





नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर की सड़कों पर शनिवार देर रात अचानक पुलिस का काफिला उतरा तो गुंडे, बदमाश और असामाजिक तत्व भी सकते में आ गए. आधी रात से सुबह तक चली इस 'कॉम्बिंग गश्त' में पुलिस ने 1101 संदिग्धों और बदमाशों को चेक किया, जिनमें से 533 के खिलाफ कार्रवाई की. पुलिस का यह सख्त रुख आगामी त्योहारों से पहले शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की बड़ी कवायद माना जा रहा है.

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि चारों जोन और यातायात विभाग के डीसीपी के साथ वरिष्ठ अधिकारियों व थाना प्रभारियों ने देर रात शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बदमाशों की निगरानी और धरपकड़ के लिए सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने विभिन्न प्रकरणों में वांछित 277 से ज्यादा वारंट तामील किए, जिनमें 63 स्थायी, 81 गिरफ्तारी और 133 जमानती वारंट शामिल हैं. इसके अलावा 142 समन भी तामील किए. अभियान के दौरान 140 शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई. यातायात नियम तोड़ने वाले 4 अन्य वाहन चालकों पर भी जुर्माना लगा. सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के 15 और नशे का सेवन करने वाले 1 आरोपी पर प्रकरणे दर्ज किया है. इस दौरान पुलिस ने 96 आदतन बदमाशों के खिलाफ बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की. चेकिंग के दौरान 209 गुंडे-बदमाश, 49 नकबजन, 25 लुटेरे, 65 चाकूबाज, 60 हिस्ट्रीशीटर, 121 निगरानीशुदा बदमाश और 33 जिलाबदर रासुका के आरोपी पकड़ाए. महिला अपराधों में शामिल 4 और आगजनी तोड़फोड़ के 2 आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में आए. गिरफ्तार बदमाशों को दोबारा अपराध न करने की सख्त चेतावनी दी गई और मौके पर उनके डोजियर भरवाए है, वहीं कई फरार आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़े, जिनके खिलाफ अब कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा है कि यह सख्ती सिर्फ त्योहारों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि गुंडों और असामाजिक तत्वों पर ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि शहर में शांति और सुरक्षा का

**गश्त के आंकड़े**

शनिवार को चेकिंग 1101 बदमाश/संदिग्ध पाए गए, जिनमें से 533 पर कार्रवाई की. वारंट तामील, स्थायी वारंट 63, गिरफ्तारी वारंट 81, जमानती वारंट 133, समन 142, यातायात और शराब संबंधी कार्रवाई, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 140, मोटर व्हीकल एक्ट के टोटल केस 185 वहीं यातायात नियम तोड़ने वाले 4, सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना 15 केस, नशे का सेवन 1 केस बनाए गए, इसी तरह आदतन बदमाशों पर भी कार्रवाई की गई, जिनमें बीएनएसएस में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई 96, गुंडे बदमाश 209, नकबजन 49, लुटेरे 25, चाकूबाज 65, हिस्ट्रीशीटर 60, निगरानीशुदा 121, जिलाबदर रासुका के आरोपी 33, महिला अपराधी 4, आगजनी व तोड़फोड़ के मामले में 2 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है.

## फार्म हाउस के स्विमिंग पूल में डूबे दो मासूम, दोनों की मौत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र के जम्बुड़ी हप्सी रोड स्थित एक निजी फार्म हाउस के स्विमिंग पूल में शनिवार को दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई. सूचना मिलते ही मौक पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की.**

हादसा गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित गोवर्धन फार्म हाउस में हुआ है, मृतकों की पहचान सात वर्षीय शिवम पिता सुमला निवासी बंधाना, जिला बड़वानी, हाल निवासी समर्थ वाटिका कॉलोनी तथा आठ वर्षीय रवि पिता सोहन वास्कले निवासी भिलवा रोड, बछड़ीपुरा, जिला बड़वानी, हाल निवासी समर्थ वाटिका कॉलोनी, गांधी नगर के रूप में हुई है. फार्म हाउस पर चौकीदारी करने वाले मिथुन चौहान ने पुलिस को बताया कि वह पास की समर्थ ड्रीम सिटी में मजदूरी का काम कर वापस लौटा, तो स्विमिंग पूल में दो बच्चों को डूबा देखा. पास जाकर पता चला कि दोनों की सांसें थम चुकी थीं. तत्काल घटना की जानकारी थाने पर दी गई. एडिशनल डीसीपी आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि फार्म हाउस समर्थ कॉलोनी निवासी अर्पित यादव का है.



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों बच्चे आसपास के स्लम एरिया के थे और बिना अनुमति फार्म हाउस में चले गए थे. स्विमिंग पूल में नहाने के दौरान तैरना नहीं आने से उनकी मौत हो गई. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

## फर्जी ऋण पुस्तिका से जमानत कराने वाला तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर. क्राइम ब्रांच इंदौर ने फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर कोर्ट से जमानत दिलाने वाले गिरोह से जुड़े एक और आरोपी को दबोच लिया. आरोपी पिछले तीन साल से फरार था. कार्रवाई में गिरफ्तार सुभाष पाल 55 निवासी कालिंदी गोल्ड, बाणगंगा, इंदौर को उसी पुराने प्रकरण में पकड़ा गया, जिसमें अब तक 38 आरोपी सलाखों के पीछे भेजे जा चुके हैं.**

गिरोह पिछले एक दशक से फर्जी जमानतदार उपलब्ध कराकर या खुद जमानतदार बनकर कई गंभीर अपराधियों की जमानत करवाता रहा है. इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी केदार डाबी ने दोबारा फर्जी ऋण पुस्तिका का उपयोग कर कल्पेश याग्निक आत्महत्या मामले की आरोपी




सलोनी अरोरा की भी जमानत करवाई थी, जिसके बाद उनके खिलाफ अलग से प्रकरण दर्ज किया था. पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध मनोज श्रीवास्तव और डीसीपी अपराध शाखा राजेश कुमार त्रिपाठी व राजेश दंडोतिया के मार्गदर्शन में एसआईटी का गठन किया था. एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे की टीम ने 26 फरवरी 2022 को दर्ज प्रकरण में सुभाष पाल की संलिप्तता की पुष्टि होने पर उसकी तलाश शुरू की और आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी पर धारा धोखाधड़ी के साथ ही अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की.

## सूने मकानों में हाथ साफ करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

*5 लाख के जेवर बरामद*

नव भारत न्यूज

**इंदौर. लसुडिया पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर शिकंजा कसते हुए दो ऐसे पेशेवर चोरों को गिरफ्तार किया है, जो सूने मकानों को निशाना बनाकर लाखों के आभूषण उड़ा चुके थे. दोनों आरोपियों से करीब 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर और वारदात में उपयोग की गई एक्टिवा स्कूटी जब्त की है.**



30 जुलाई को गश्त के दौरान टीम को सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक चोरी की योजना बनाते लसुडिया इलाके में घूम रहे हैं. घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिल 28 पिता कैलाश गुणावत, निवासी कन्नोद, हाल निवासी मालवीय नगर, और सलमान 31 पिता नसरुद्दीन खान, निवासी कृष्णबाग कॉलोनी, इंदौर के रूप में हुई. पूछताछ में दोनों ने लसुडिया क्षेत्र में पांच घरों में चोरी करना कबूल किया. 16 जुलाई को वेकुंठधाम कॉलोनी में फरियादी देवेश शुक्ला ने अपने रिश्तेदार के घर से नकदी और जेवर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. जांच में घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें दोनों आरोपी काले रंग की एक्टिवा पर वारदात करते दिखे. तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की जानकारी पर पुलिस ने दोनों को दबोचा. गिरफ्तारी से बचने के लिए भागते समय दोनों आरोपी गिर पड़े, जिससे उनके हाथ-पैर में चोट आई. कोर्ट से पुलिस रिमांड मिलने पर इन्होंने लसुडिया पुलिस ने अन्य वारदातों में जुड़ी चोरी की वारदातों का खुलासा किया. आरोपियों की निशानदेही पर करीब 5 लाख रुपए के आभूषण बरामद हुए.

**दोनों आरोपियों का हैं लम्बा अपराधिक रिकॉर्ड**

सलमान और अनिल के खिलाफ चोरी, नकबजनी, अवैध हथियार और जुआ एक्ट सहित कई मामले पहले से दर्ज हैं. सलमान पर 15 और अनिल पर 14 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जो विजयनगर, खजराना, पलासिया, कनाडिया और लसुडिया थानों में प्रकरण दर्ज हैं.